सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

24 अग्रहायण, 1947 (श०)

संख्या - 542 राँची, सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025 (ई०)

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

अधिसूचना

10 दिसम्बर, 2025

संख्या-10/सा०अव०-03-03/2025 का.- 7244-- भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या-20-25-56-पर्व-1, दिनांक 8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26-1881 की धारा-25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2026 में संलग्न अनुसूची-1 में अंकित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं ।

2. वर्ष 2026 में संलग्न अनुसूची-2 में अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे ।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या-41/2/98 बी०ओ० II दिनांक-09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक-1/22/2012-बी०ओ०-II दिनांक-09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881)-26-1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2026 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची-3 में अंकित बैंक वार्षिक लेखा बंदी अवकाश घोषित करते हैं ।

टिप्पणीः-i. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है ।

ii. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी ।

iii. अनुसूची-3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

आसिफ हसन,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

अनुसूची-1

वर्ष 2026 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1947/1948)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी	माघ - 06	सोमवार	1
2.	होलिका दहन	03 मार्च	फाल्गुन - 12	मंगलवार	1
3.	होली	04 मार्च	फाल्गुन - 13	बुधवार	1
4.	ईद-उल-फितर/सरहुल	21 मार्च	फाल्गुन - 30	शनिवार	1
5.	रामनवमी	26 मार्च	चैत्र - 05	गुरुवार	1
6.	महावीर जयंती	31 मार्च	चैत्र - 10	मंगलवार	1
7.	गुड फ्राइडे	03 अप्रैल	चैत्र - 13	शुक्रवार	1
8.	अम्बेदकर जयंती	14 अप्रैल	चैत्र - 24	मंगलवार	1
9.	बुद्ध पूर्णिमा/ पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म दिवस	01 मई	वैशाख - 11	शुक्रवार	1
10.	ईद-उल-जुहा (बकरीद)	27 मई	ज्येष्ठ - 06	बुधवार	1
11.	मुहर्रम	26 जुन	आषाढ़ - 05	शुक्रवार	1

12.	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त	श्रावण - 24	शनिवार	1
13.	मिलाद-उन-नबी या ईद-ए- मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस)	26 अगस्त	भाद्र - 04	बुधवार	1
14.	जन्माष्टमी	04 सितम्बर	भाद्र - 13	शुक्रवार	1
15.	करमा पूजा	22 सितम्बर	भाद्र - 31	मंगलवार	1
16.	महात्मा गाँधी का जन्म दिवस	02 अक्टूबर	आश्विन - 10	शुक्रवार	1
17.	महाअष्टमी	19 अक्टूबर	आश्विन - 27	सोमवार	1
18.	महानवमी/विजयादशमी	20 अक्टूबर	आश्विन - 28	मंगलवार	1
19.	सूर्य षष्ठी डाला छठ (प्रातः अर्घ्य)	16 नवम्बर	कार्तिक - 25	सोमवार	1
20.	गुरूनानक जयंती	24 नवम्बर	अग्रहण - 03	मंगलवार	1
21.	क्रिसमस	25 दिसम्बर	पौष - 04	शुक्रवार	1
	कुल दिन				**21**

टिप्पणीः-महाशिवरात्रि- 15 जनवरी, दीपावली- 08 नवम्बर एवं सूर्य षष्ठी डाला (सायं अर्घ्य)-15 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा ।

अनुसूची-2

वर्ष 2026 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत

घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1947/1948)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	सोहराय	12 जनवरी	पौष - 22	सोमवार	1
2.	सोहराय (खुन्टाव)	13 जनवरी	पौष - 23	मंगलवार	1
3.	मकर संक्राति	14 जनवरी	पौष - 24	बुधवार	1
4.	सुभाष चन्द्र बोस जयंती/बसंत पंचमी	23 जनवरी	माघ - 03	शुक्रवार	1
5.	मजदूर दिवस	01 मई	वैशाख - 11	शुक्रवार	1
6.	हुल दिवस	30 जुन	आषाढ़ - 09	मंगलवार	1
7.	रथ यात्रा	16 जुलाई	आषाढ़ - 25	गुरुवार	1
8.	रक्षा बंधन	28 अगस्त	भाद्र - 06	शुक्रवार	1
9.	गणेश चतुर्थी	14 सितम्बर	भाद्र - 23	सोमवार	1
10.	विश्वकर्मा पूजा	17 सितम्बर	भाद्र - 26	गुरुवार	1
11.	करमा पूजा (फुलखोंसी)	23 सितम्बर	आश्विन - 01	बुधवार	1
12.	गोवर्धन पूजा	09 नवम्बर	कार्तिक - 18	सोमवार	1
13.	भैया दुज/चित्रगुप्त पूजा	11 नवम्बर	कार्तिक - 20	बुधवार	1
	कुल दिन				**13**

टिप्पणीः-संत रविदास जयंती-01 फरवरी, सरहुल (फुलखोंसी)-22 मार्च, विश्व आदिवासी दिवस-09 अगस्त, शारदीय नवरात्र/कलश स्थापन-11 अक्टूबर, दशहरा (महासप्तमी)- 18 अक्टूबर एवं भगवान बिरसा मुण्डा जयंती/राज्य स्थापना दिवस-15 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस हो, वहाँ उक्त तिथि को अवकाश रहेगा ।

अनुसूची-3

वर्ष 2026 में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

क्र० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1947/1948)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	बैंक लेखा की वार्षिक बंदी	01 अप्रैल	चैत्र - 11	बुधवार	1
	कुल दिन				**01**

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 542 - 50